CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

संस्कृत पीयूषः

प्रथम भाग

Funding by IKS-MoE

बैस्ट बुक पब्लिशिंग हाउस नई दिल्ली-8

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

भारत सरकार की नवीन शिक्षा पद्धति के अनुसार राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम (सिलेबस) के अनुसार रचित

संस्कृत पीयूषः

प्रथम भाग

(दिल्ली, ऑल इण्डिया तथा भारत के सभी प्रदेशों के विद्यालयों के लिए)

रामजीलाल शास्त्री
एम. ए., (संस्कृत, हिन्दी)
साहित्याचार्य, बी. एड.
ऐंग्लो संस्कृत वी. जे. उच्चतम माध्यमिक विद्यालय,
दरियागंज, नई दिल्ली-2

बैस्ट बुक पब्लिशिंग हाउस
(प्रकाशक तथा पुस्तक विक्रेता)
33/11, वैस्ट पटेल नगर, नई दिल्ली-110 008

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

प्रकाशक :

बैस्ट बुक पब्लिशिंग हाउस
(प्रकाशक एवम् पुस्तक विक्रेता)
33/11, वैस्ट पटेल नगर,
नई दिल्ली-110 008
दूरभाष : 574 89 44

© सर्वाधिकार : प्रकाशकाधीन

सम्पादिका : मञ्जु जैन
(एम. ए)

मूल्य : 14 रुपये

Printed at: Payal Offset Press, A-29, Sudershan Park, N Delhi-15

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

प्रस्तावना

'संस्कृत-पीयूषः' आपके हाथों में समर्पित करते हुए अत्यन्त हर्ष हो रहा है। बालक-बालिकाओं के लिए विश्व की प्राचीनतम भाषा संस्कृत का सरलीकरण करते हुए इस पुस्तक की रचना भारत सरकार की नवीन शिक्षा पद्धति के अन्तर्गत राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् द्वारा प्राथमिक एवम् माध्यमिक कक्षाओं के निर्धारित पाठ्यक्रम के आधार पर की गई है। इसमें दिल्ली, ऑल इण्डिया एवम् समस्त भारतीय प्रान्तों के प्राथमिक एवम् माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत बालक-बालिकाओं की आवश्यकताओं एवम् रुचियों को ध्यान में रखते हुए विषय-वस्तु को सरल एवम् सुबोध रूप में सचित्र प्रस्तुत किया गया है जिससे वे इसे सुगमता से पद-प्रति-पद हृदयंगम कर सकें।

इस कृति में छात्रों को संस्कृत भाषा का मूल ज्ञान बहुत रोचक तथा सरलतम ढंग से कराया गया है।

अकारान्त पुल्लिग तथा नपुंसकलिंग शब्दों, अकारान्त स्त्रीलिंग शब्दों तथा विभिन्न धातुरूपों का लट्, लृट्, लङ् , लोट् चारों लकारों के तीनों पुरुषों (प्रथम, मध्यम, उत्तम) में इस तरह क्रमबद्ध रूप से प्रयोग किया गया है कि छात्र बहुत सरलता से संस्कृत भाषा के नियमों को समझ सकते हैं।

व्याकरण प्रखण्ड के अन्तर्गत संज्ञा, सर्वनाम शब्दरूप, धातुरूप, संख्यावाची शब्द, विभिन्न प्रत्यय, अव्यय, उपपद विभक्ति के नियम भी बहुत रोचक व वैज्ञानिक ढंग से स्पष्ट किए गए हैं।

हमें विश्वास है कि यह कृति छात्रों में संस्कृत भाषा के प्रति रुचि उत्पन्न करने में बहुत उपयोगी सिद्ध होगी।

पुस्तक को और अधिक उपयोगी बनाने के लिए विद्वानों के सुझाव आमन्त्रित हैं।

—लेखक

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

वियय सूची

क्र.सं.	विषय	पृष्ठ सं.
1.	अकारान्त पुल्लिंग शब्द	1
2.	वर्तमान काल (लट् लकार)	4
3.	प्रथम पुरुष—द्विवचन	7
4.	प्रथम पुरुष—बहुवचन	10
5.	आकारान्त स्त्रीलिंग शब्द	13
6.	प्रथम पुरुष—स्त्रीलिंग	16
7.	अकारान्त नपुंसकलिंग	18
8.	प्रथम पुरुष-नपुंसकलिंग	21
9.	मध्यम पुरुष-एकवचन	24
10.	मध्यम पुरुष-द्विवचन	27
11.	मध्यम पुरुष-बहुवचन	29
12.	उत्तम पुरुष-एकवचन	31
13.	उत्तम पुरुष-द्विवचन	34
14.	उत्तम पुरुष-बहुवचन	37
15.	कर्म कारक (द्वितीया विभक्ति)	40
16.	करण कारक (तृतीया विभक्ति)	43
17.	सम्प्रदान कारक (चतुर्थी विभक्ति)	46
18.	अपादान कारक (पञ्चमी विभक्ति)	49
19.	सम्बन्ध कारक (षष्ठी विभक्ति)	52
20.	अधिकरण कारक (सप्तमी विभक्ति)	55
21.	सम्बोधन	58
22.	भविष्यत्काल (लृट् लकार)	61
23.	संख्या	64
24.	भोजनम्	66
25.	मूर्खः वानरः	68
26.	व्याकरण	71

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

प्रथमः पाठः

अकारान्त पुल्लिंग शब्द

एकवचन

बालः

छात्रः

नरः


मृगः

अश्वः


गजः

वानरः

सिंहः

विडालः

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.



मयूरः

शुकः

कपोतः

चन्द्रः



सूर्यः



मेघः

पढ़ो और समझो

शब्दार्थ—

बालः	—	बालक (Boy)
नरः	—	आदमी (Man)
मृगः	—	हरिण (Deer)
अश्वः	—	घोड़ा (Horse)
गजः	—	हाथी (Elephant)
वानरः	—	बन्दर (Monkey)
सिंहः	—	शेर (Lion)
विडालः	—	बिलाव (He cat)
मयूरः	—	मोर (Peacock)
शुकः	—	तोता (Parrot)
कपोतः	—	कबूतर (Pigeon)
चन्द्रः	—	चन्द्रमा (Moon)
सूर्यः	—	सूरज (Sun)
मेघः	—	बादल (Cloud)

Funding by IKS-MoE

याद करो-

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

1. इन शब्दों को बार-बार बोल कर पढ़िये—
   मृगः, अश्वः, सिंहः, मयूरः, विडालः, शुकः, कपोतः, चन्द्रः, सूर्यः।
2. ऊपर लिखे हुए सभी शब्दों के आगे दो बिन्दु (:) लगे हुए हैं। इन बिन्दुओं को विसर्ग कहते हैं।
3. बालः, नरः, मृगः आदि सभी शब्दों के अन्त में 'अ' जुड़ा हुआ है जैसे—बालः में ब्+आ+ल्+अ। इस प्रकार के सभी शब्दों को जिनके अन्त में 'अ' जुड़ा होता है 'अकारान्त' शब्द कहते हैं।

लिखो—

4. अर्थ लिखिए—
   नरः, मृगः, अश्वः, वानरः, विडालः, मयूरः, शुकः, कपोतः, सिंहः।
5. संस्कृत शब्द लिखिए—
   बन्दर, बिलाव, कबूतर, हरिण, आदमी, तोता, चन्द्रमा, विद्यार्थी।
6. दो पक्षियों तथा तीन पशुओं के नाम संस्कृत में लिखिए।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

द्वितीयः पाठः

वर्तमान काल (लट् लकार)

प्रथम पुरुष—एकवचन

सः, शिष्यः, कुक्कुरः, भक्तः, नृपः, पठ्, लिख्, धाव्, चल्, अस्

बालः पठति।

छात्रः पठति।

सः पठति।

छात्रः लिखति।

शिष्यः लिखति।

सः लिखति।

मृगः धावति।

अश्वः धावति।

कुक्कुरः धावति।



Funding by IKS-MoE

गजः चलति।
CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

सिंहः चलति।

सः चलति।



सः नृपः अस्ति।

सः भक्तः अस्ति।

सः नरः अस्ति।

पढ़ो और समझो

शब्दार्थ—

सः	—	वह (He)
शिष्यः	—	शिष्य (Pupil)
कुक्कुरः	—	कुत्ता (Dog)
भक्तः	—	भक्त (Devotee)
नृपः	—	राजा (King)
पठ्	—	पढ़ना (To read)
लिख्	—	लिखना (To write)
धाव्	—	दौड़ना (To run)
चल्	—	चलना (To walk)
अस् (ति)	—	है (Is)

Funding by IKS-MoE

याद करो— CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

1. इन वाक्यों को पढ़ने का अभ्यास कीजिए—

   छात्रः पठति, शिष्यः लिखति, सः लिखति, अश्वः धावति, कुक्कुरः धावति, सः नृपः अस्ति।

2. पठ्, लिख्, धाव्, चल्, अस् ये सभी मूल धातुएँ (क्रियाएँ) हैं। इन सबके अन्त में 'अति' प्रत्यय जुड़ा हुआ है। इस 'अति' के जुड़ जाने से पठ् + अति, लिख् + अति, पठति, लिखति आदि क्रियाएँ बन जाती हैं।

3. वर्तमान काल, प्रथम पुरुष, एकवचन कर्ता के साथ— पठति, लिखति, चलति आदि क्रियाएँ जोड़ने से वाक्य बनता है।

लिखो—

4. रिक्त स्थानों में क्रियाएँ जोड़िए।

   शिष्यः ....। छात्रः ....।
   वानरः ....। कुक्कुरः ....।
   सिंहः ....। सः नृपः ....।

5. हिन्दी में अर्थ लिखिए—

   छात्रः पठति, नरः धावति, वानरः चलति, शिष्यः लिखति, सः नृपः अस्ति।

6. संस्कृत में अनुवाद कीजिए—

   (क) वह पढ़ता है। (ख) हरिण दौड़ता है।
   (ग) हाथी चलता है। (घ) वह भक्त है।
   (ङ) वह बालक लिखता है। (च) कुत्ता दौड़ता है।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

तृतीयः पाठः

प्रथम पुरुष—द्विवचन

तौ, सैनिकौ, अपि, क्रीड् , वद्, हस्, स्तः, नम्, रक्ष्



बालौ खेलतः।

छात्रौ क्रीडतः।

तौ वदतः।



नरौ हसतः।

रमेशः सुरेशः च चलतः।

तौ भक्तौ हसतः।



रामः श्यामः च नमतः।

शिष्यौ नमतः।

तौ बालौ धावतः।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

सैनिकौ रक्षतः।

तौ नरौ चलतः।

तौ सैनिकौ स्तः।





अश्वौ धावतः।

मृगौ न धावतः।

तौ अपि चलतः।

पढ़ो और समझो

शब्दार्थ—

तौ	—	वे दो (Two of them)
च	—	और (And)
क्रीड्	—	खेलना (To play)
वद्	—	बोलना (To speak)
हस्	—	हँसना (To laugh)
नम्	—	नमस्कार करना (To salute)
सैनिकौ	—	दो सैनिक (Two soldiers)
रक्ष्	—	रक्षा करना (To protect)
अपि	—	भी (Also)

Funding by IKS-MoE

याद करो—

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

1. बार-बार बोलने का अभ्यास कीजिए—

   छात्रौ क्रीडतः, तौ वदतः, नरौ हसतः, तौ स्तः, तौ बालौ धावतः, सैनिकौ रक्षतः।

2. ऊपर लिखे सभी वाक्यों के अन्त में क्रियाओं में 'अतः' प्रत्यय जुड़ा हुआ है। इस प्रकार 'अतः' प्रत्यय मूल क्रियाओं में जोड़ने से वर्तमान काल (लट् लकार) प्रथम पुरुष द्वि.व. की क्रिया बन जाती है।

लिखो—

3. संस्कृत शब्द लिखिए—

   दो छात्र, दो सैनिक, वे दो, खेलना, भी, नमस्कार करना, रक्षा करता है।

4. हिन्दी शब्द लिखिए—

   क्रीडतः, वदतः, नमतः, रक्षतः, सैनिकौ, च, अपि, तौ, मृगौ।

5. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—

   (क) छात्रौ ....। (ख) तौ ....।

   (ग) सैनिकौ ....। (घ) .... चलतः।

   (ङ) .... धावतः। (च) .... अपि हसतः।

6. संस्कृत में अनुवाद कीजिए—

   (क) दो छात्र दौड़ते हैं।
   (ख) दो बालक हँसते हैं।
   (ग) दो कुत्ते दौड़ते हैं।
   (घ) वे दो भक्त हैं।
   (ङ) हाथी भी चलता है।
   (च) दो छात्र नमस्कार करते हैं।
   (छ) सैनिक रक्षा करता है।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

चतुर्थः पाठः

प्रथम पुरुष—बहुवचन

किम्, सिंहाः, खगाः, भ्रमराः, कूज्, गुञ्ज्, गर्ज्, गम् (गच्छ्), सन्ति, तु

रामः श्यामः गोपालः च लिखन्ति।

ते के सन्ति?

ते छात्राः सन्ति।



मृगाः धावन्ति।

किम् सिंहाः धावन्ति?

सिंहाः न धावन्ति।



खगाः कूजन्ति

किम् भ्रमराः कूजन्ति?

भ्रमराः तु गुञ्जन्ति।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

बालः नमति।	बालौ नमतः।	बालाः नमन्ति।
सिंहः गर्जति।	सिंहौ गर्जतः।	सिंहाः गर्जन्ति।
रामः गच्छति।	रामः श्यामः च गच्छतः।	रामः, श्यामः मोहनः च गच्छन्ति।
सः छात्रः अस्ति।	तौ छात्रौ स्तः।	ते छात्राः सन्ति।

पढ़ो और समझो

शब्दार्थ—

किम्	—	क्या (What)
सिंहः	—	शेर (Lion)
न	—	नहीं (Not)
खगः	—	पक्षी (Bird)
भ्रमरः	—	भौंरा (A large black bee)
कूज्	—	चहकना (To chirp)
गुञ्ज्	—	गूँजना (To buzz, to hum)
गर्ज्	—	दहाड़ना (गरजना) (To roar)
(गम्) गच्छ्	—	जाना (To go)
सन्ति (अस्)	—	हैं (Are)
तु	—	तो (On the other hand)

याद करो—

1. बार-बार बोलकर याद कीजिए—

नरः	नरौ	नराः
छात्रः	छात्रौ	छात्राः
चलति	चलतः	चलन्ति
अस्ति	स्तः	सन्ति

2. वर्तमान काल (लट् लकार) प्रथम पुरुष बहुवचन कर्ता के साथ मूल धातु (क्रिया) के अन्त में "अन्ति" जोड़ने से पूर्ण क्रिया बनती है। जैसे—पठ्+अन्ति=पठन्ति, चल्+अन्ति=चलन्ति।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

लिखो—

3. संस्कृत में लिखिए—
चहकना, भौंरा, शेर, गूँजना, पक्षी, गरजना।

4. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—
(क) खगाः ....।
(ख) सिंहाः ....।
(ग) भ्रमराः ....।
(घ) रामः श्यामः च ....।
(ङ) .... गच्छन्ति।
(च) ते .... सन्ति।
(छ) .... स्तः।

5. संस्कृत में अनुवाद कीजिए—
(क) सैनिक रक्षा करते हैं।
(ख) पक्षी कूजते हैं।
(ग) घोड़े दौड़ते हैं।
(घ) शेर गरजते हैं।
(ङ) वे छात्र नहीं हैं।
(च) क्या बालक नहीं पढ़ता है?
(छ) मोहन और सोहन लिखते हैं।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

पंचमः पाठः

आकारान्त स्त्रीलिंग शब्द

एकवचन

छात्रा

बालिका

अध्यापिका



लता

चटका

गीता

अम्बा



नासिका



शाखा

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

पाठशाला



मक्षिका



कलिका

पढ़ो और समझो

शब्दार्थ–

छात्रा	—	विद्यार्थी (लड़की) (Girl Student)
बालिका	—	लड़की (Girl)
लता	—	बेल (Creeper)
चटका	—	चिड़िया (A sparrow)
अम्बा	—	माँ (Mother)
गीता	—	गीता (A book of Gita)
नासिका	—	नाक (Nose)
शाखा	—	टहनी (A branch)
पाठशाला	—	पाठशाला (School)
मक्षिका	—	मक्खी (Fly)
कलिका	—	कली (A bud)
अध्यापिका	—	अध्यापिका (Lady Teacher)

याद करो–

1. बोलकर याद कीजिए–
चटका, अम्बा, नासिका, शाखा, मक्षिका, कलिका।

2. जिन स्त्रीलिंग शब्दों के अन्त में 'आ' जुड़ा होता है उन्हें 'आकारान्त' स्त्रीलिंग शब्द कहते हैं। कुछ अकारान्त पुल्लिग शब्दों के अन्त में 'आ' जोड़ने से भी स्त्रीलिंग

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

शब्द बनते हैं। जैसे—बालः-बाला, छात्रः-छात्रा, अजः-अजा।

लिखो—

3. संस्कृत में लिखिए—

   माँ, टहनी, मक्खी, बेल, कली, चिड़िया।

4. पुल्लिंग शब्द बनाइए—

   अध्यापिका, बालिका, छात्रा, अजा, बाला।

5. संस्कृत में अनुवाद कीजिए—

   (क) लड़की पढ़ती है।

   (ख) अध्यापिका लिखती है।

   (ग) छात्रा खेलती है।

   (घ) हाथी चलते हैं।

   (ङ) कुत्ता दौड़ता है।

   (च) वे दो छात्र हैं।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

षष्ठः पाठः

प्रथम पुरुष—स्त्रीलिंग

सा, ते, ताः, विकस्, कन्या

उमा लिखति।

छात्रा लिखति।

सा लिखति।

उमा रमा च क्रीडतः।

बालिके क्रीड़तः।

ते न क्रीडतः।

कन्याः वदन्ति।

किम् बालिकाः वदन्ति?

ताः बालिकाः अपि वदन्ति।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

सा गच्छति।	ते गच्छतः।	ताः गच्छन्ति।
छात्रा क्रीडति।	छात्रे क्रीडतः।	छात्राः क्रीडन्ति।
कलिका विकसति।	कलिके विकसतः।	कलिकाः विकसन्ति

पढ़ो और समझो

शब्दार्थ–

सा — वह (स्त्री.) (She)
ते — वे दो (स्त्री.) (Two of them Fem.)
ताः — वे सब (स्त्री.) (They all Fem.)
कन्या — लड़की (Girl)
विकस् — खिलना (To flower)

याद करो–

1. बोलकर याद कीजिए–

सा वदति।	ते वदतः।	ताः वदन्ति।
कन्या हसति।	कन्ये हसतः।	कन्याः हसन्ति।

2. आकारान्त स्त्रीलिंग बहुवचन शब्द के अन्त में आः लगता है। जबकि एकवचन में केवल 'आ' तथा द्वि.व. कर्ता में 'आ' के स्थान पर 'ए' जुड़ता है।

3. आकारान्त स्त्रीलिंग कर्ताओं के साथ मूल क्रियाओं के अन्त में एकवचन, द्वि.व., बहुवचन में पुल्लिग की तरह अति, अतः, अन्ति ही जोड़कर क्रिया बनाते हैं।

लिखो–

4. अन्तर स्पष्ट कीजिए–
सा लिखति, सः लिखति। ते हसतः, तौ हसतः। ताः गच्छन्ति, ते गच्छन्ति।

5. संस्कृत में अनुवाद कीजिए–
(क) लड़की दौड़ती है।
(ख) वे नहीं पढ़ती हैं।
(ग) वे दो छात्राएँ हँसती हैं।
(घ) वह क्या बोलती है?
(ङ) वे कलियाँ खिलती हैं।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

सप्तमः पाठः

अकारान्त नपुंसकलिंग

एकवचन

पुस्तकम्



फलम्

पुष्पम्

वस्त्रम्



चक्रम्



मुखम्

पत्रम्



भोजनम्

कमलम्

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

नेत्रम्



उद्यानम्



पात्रम्

पढ़ो और समझो

शब्दार्थ—

पुस्तकम् — पुस्तक (Book)
फलम् — फल (Fruit)
पुष्पम् — फूल (Flower)
वस्त्रम् — कपड़ा (Cloth)
चक्रम् — पहिया (Wheel)
मुखम् — मुँह (Mouth)
पत्रम् — पत्ता (Leaf)
भोजनम् — भोजन (Meal)
कमलम् — कमल का फूल (Lotus flower)
नेत्रम् — आँख (Eye)
उद्यानम् — बगीचा (Garden)
पात्रम् — बर्तन (Pot)

याद करो—

1. याद कीजिए—
आम्रम-आम, भूषणम्-आभूषण, रुप्यकम्-रुपया, गृहम्-घर, शस्त्रम्-हथियार, मित्रम्-मित्र।

2. अकारान्त नपुंसकलिंग शब्दों के अन्त में 'अम्' आता है। इनके रूप भी इस प्रकार बनते हैं—

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

ए.व.	द्वि.व.	ब.व.
फलम्	फले	फलानि
पत्रम्	पत्रे	पत्राणि

लिखो—

3. संस्कृत शब्द लिखिए—
   कपड़ा, पहिया, फूल, आँख, आम, बर्तन।

4. पुल्लिग तथा नपुंसकलिंग शब्द अलग-अलग कीजिए—
   पत्रम्, हस्तः, नेत्रम्, बालः, छात्रः, कमलम्, गजः, मित्रम्।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

अष्टमः पाठः
प्रथम पुरुष-नपुंसकलिंग

पत्, तत्, भ्रम्, ते, के, तानि, कानि, अत्र।

पुष्पम् पतति।

किम् फलम् पतति?

तत् पत्रम् पतति।





चक्रे भ्रमतः।

ते के भ्रमतः?

ते चक्रे एव भ्रमतः।

तानि कानि सन्ति?

तानि मित्राणि सन्ति।

तानि मित्राणि अत्र क्रीडन्ति।



Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

पत्रम् पतति।	पत्रे पततः।	पत्राणि पतन्ति।
मित्रम् अस्ति।	मित्रे स्तः।	मित्राणि सन्ति।
चक्रम् भ्रमति।	चक्रे भ्रमतः।	चक्राणि भ्रमन्ति।

पढ़ो और समझो

शब्दार्थ–

पत् – गिरना (To fall)
तत् – वह (नपुं.) (That—neuter gender)
भ्रम् – घूमना (To walk)
ते – वे दो (नपुं.) (Two of them—neuter gender)
के – कौन दो (नपुं.) (Who two—neuter gender)
तानि – वे सब (नपुं.) (They all—neuter gender)
कानि – कौन सब (नपुं.) (Who all—neuter gender)
अत्र – यहाँ (Here)

याद करो–

1. बोलकर पढ़िये और अर्थ याद कीजिए–
शस्त्रम् रक्षति। शस्त्रे रक्षतः। शस्त्राणि रक्षन्ति। तत् चित्रम् अस्ति। ते चित्रे स्तः। तानि चित्राणि सन्ति!
2. नपुंसकलिंग शब्दों के साथ भी वचन के अनुसार क्रमशः वही क्रियाएँ आती हैं जो पुल्लिग तथा स्त्रीलिंग शब्दों के साथ आती हैं।

लिखो–

3. इन वाक्यों की क्रियाओं को शुद्ध करके लिखिए–
मित्राणि गच्छतः। फलम् पततः। चित्राणि स्तः। नेत्रम् सन्ति। चक्रे भ्रमन्ति। तानि पतति।
4. चित्र देखकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

.... मिलतः।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.



.... विकसन्ति।



.... अस्ति।

5. संस्कृत में अनुवाद कीजिए—
   (क) फल गिरते हैं।
   (ख) शस्त्र रक्षा करता है।
   (ग) वह पुस्तक है।
   (घ) दो छात्राएँ पढ़ती हैं।
   (ङ) लड़के यहाँ दौड़ते हैं।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

नवमः पाठः

मध्यम पुरुष-एकवचन

त्वम्, कदा, कुत्र, कथम्, वस्, खाद्

रामः— त्वम् खादसि।
श्यामः— त्वम् न खादसि।
रामः— किम् त्वम् न पठसि ?
श्यामः— त्वम् कदा पठसि ?



रमा— किम् त्वम् लिखसि ?
उमा— त्वम् अपि तु लिखसि।
रमा— त्वम् चलसि।
उमा— त्वम् कुत्र चलसि ?

रमेशः— त्वम् राधा असि।
राधा— त्वम् रमेशः असि।
रमेशः— त्वम् कुत्र वससि ?
राधा— त्वम् अत्र वससि।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

गीता— मोहन! त्वम् हससि।

मोहनः— त्वम् कथं न हससि?

गीता— त्वम् वृथा वदसि।

मोहनः— त्वम् कथं वदसि?

पढ़ो और समझो

शब्दार्थ—

त्वम् — तू, तुम (Thou, you)
कदा — कब (When)
कुत्र — कहाँ (Where)
कथम् — क्यों (Why)
वस् — रहना (To live)
खाद् — खाना (To eat)

याद करो—

1. इन वाक्यों को बार-बार पढ़िए—
त्वम् खादसि। त्वम् लिखसि। त्वम् कथं हससि? त्वम् सदा वदसि। त्वम् कुत्र चलसि?
2. मध्यम पुरुष एक वचन कर्ता 'त्वम्' पुल्लिग तथा स्त्रीलिंग दोनों लिंगों में प्रयोग होता है। वाक्य बनाने के लिए इसके साथ मूल धातु में 'असि' प्रत्यय जोड़ते हैं। जैसे— त्वम् पठसि, त्वम् लिखसि आदि।

लिखो—

3. त्वम् के साथ इन दी हुई मूल धातुओं में प्रत्यय जोड़कर वाक्य बनाइए। जैसे—त्वम् चलसि।
लिख्, वस्, धाव्, खाद्, गम् (गच्छ्), पच्

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

4. संस्कृत में अनुवाद कीजिए—

(क) तुम क्या लिखती हो?

(ख) तुम भी दौड़ते हो।

(ग) तुम कहाँ रहते हो?

(घ) तुम सदा खेलते हो।

(ङ) राम और श्याम दौड़ते हैं।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

दशमः पाठः

मध्यम पुरुष-द्विवचन

युवाम्, सदा, कदापि, हंसः, श्वेतः, बकः



अध्यापकः— युवाम् कुत्र गच्छथः
युवाम् सदा क्रीडथः।
युवाम् कदापि न पठथः।

अध्यापिका— त्वम् रमा असि।
त्वम् उमा असि।
युवाम् कुत्र वसथः?

अध्यापकः— त्वम् छात्रः असि।
त्वम् छात्रा असि।
युवाम् कुत्र पठथः?



अध्यापिका— हंसः श्वेतः अस्ति।
बकः श्वेतः अस्ति।
युवाम् श्वेतौ स्थः।

Funding by IKS-MoE

पढ़ो और समझो

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

शब्दार्थ—

युवाम्	—	तुम दोनों (Both of you)
सदा	—	हमेशा (Always)
कदापि	—	कभी भी (Whenever)
हंसः	—	हंस (Swan)
श्वेतः	—	सफेद (White)
बकः	—	बगुला (Heron)

याद करो—

1. पढ़िए और अर्थ याद कीजिए—
युवाम् क्रीडथः। युवाम् कुत्र पठथः ? त्वम् किम् लिखसि ? युवाम् अत्र वसथः। त्वम् अपि क्रीडसि।
2. मध्यम पुरुष द्विवचन कर्ता 'युवाम्' का प्रयोग पु. तथा स्त्री. दोनों में ही होता है। इसके साथ मूल धातु में 'अथः' प्रत्यय जोड़ कर क्रिया का प्रयोग करते हैं। जैसे—युवाम् पठथः, युवाम् गच्छथः आदि।

लिखो—

3. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—
(क) .... पठसि।
(ख) .... लिखथः।
(ग) .... धावथः।
(घ) युवाम् ....।
(ङ) .... क्रीडसि।
(च) तौ ....।
4. संस्कृत में अनुवाद कीजिए—
(क) तुम दोनों कहाँ पढ़ते हो ?
(ख) तुम यहाँ खेलते हो।
(ग) राम और मोहन दौड़ते हैं।
(घ) तुम दोनों क्या लिखती हो ?
(ङ) वे दोनों खाते हैं।
(च) वे दोनों यहाँ रहती हैं।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

एकादशः पाठः
मध्यम पुरुष-बहुवचन

यूयम्, चतुरः, कदापि, अधुना, वृथा, आ+नी (नय्), शनैः शनैः

छात्राः! यूयम् कुत्र गच्छथ?
किम् यूयम् न पठथ?
यूयम् चतुराः छात्राः न स्थ।



बालिकाः! यूयम् किम् क्रीडथ?
यूयम् सदा एव क्रीडथ।
यूयम् कदापि न पठथ।

बालकाः! यूयम् किम् पश्यथ?
यूयम् चित्रम् पश्यथ?
यूयम् अधुना वृथा भ्रमथ।

सः नमति।	तौ चलतः।	ते तिष्ठन्ति।
सा गच्छति।	ते खादतः।	ताः आनयन्ति।
त्वम् धावसि।	युवाम् आनयथः।	यूयम् शनैः-शनैः चलथ।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

शब्दार्थ—

यूयम्	—	तुम सब (You all)
चतुरः	—	योग्य (Clever)
कदापि	—	कभी (Sometime)
अधुना	—	अब (Now)
वृथा	—	व्यर्थ (Useless)
आ+नी (नय्)	—	लाना (To bring)
शनैः-शनैः	—	धीरे धीरे (Slowly)

याद करो—

1. पढ़िए और याद कीजिए—
यूयम् कुत्र गच्छथ? यूयम् सदा एव क्रीडथ। यूयम् कदापि न पठथ। यूयम् चित्रम् पश्यथ। ते आनयन्ति। यूयम् शनैः शनैः चलथ।
2. मध्यम पुरुष बहुवचन पु. तथा स्त्री. कर्ता 'यूयम्' के साथ मूल धातु के अन्त में 'अथ' प्रत्यय जोड़कर क्रिया बनाते हैं। जैसे—यूयम् पठथ, यूयम् क्रीडथ।

लिखो—

3. त्वम् चलसि। युवाम् चलथः। यूयम् चलथ। इन वाक्यों के अनुसार त्वम्, युवाम्, यूयम् के साथ लिख्, पच्, खाद्, क्रीड्, गम् (गच्छ्), धाव् धातुओं की क्रियाएँ बनाकर जोड़िये।
4. संस्कृत में अनुवाद कीजिए—
(क) वे दोनों जाते हैं।
(ख) तुम दोनों नहीं खाते हो।
(ग) तुम सब व्यर्थ घूमते हो।
(घ) तुम कहाँ जाते हो?
(ङ) मोहन, सोहन तुम दोनों कहाँ पढ़ते हो?
(च) तुम सब चित्र देखते हो।
(छ) तुम दोनों कहाँ खेलते हो?

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

द्वादशः पाठः

उत्तम पुरुष-एकवचन

अहम्, अस्मि, प्रातः, सायं, प्रसन्नः, तृ (तर्), सैनिकः, रक्ष्, वार्तालापः, चित्रकारः



अहम् बालः अस्मि।
अहम् प्रातः भ्रमामि।
अहम् सायं पठामि।

अहम् राधा अस्मि।
अहम् प्रसन्नः अस्मि।
अहम् सायं तरामि।

त्वम् कः असि ?
अहम् सैनिकः अस्मि।
अहम् रक्षामि।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

(वार्तालापः)

अजयः — त्वम् कः असि?
विजयः — अहम् चित्रकारः अस्मि।
अजयः — त्वम् का असि?
राधा — अहम् अध्यापिका अस्मि।
अजयः — राधा! त्वम् किम् खादसि?
राधा — अहम् न खादामि, अहम् तु पचामि।

पढ़ो और समझो

शब्दार्थ—

अहम् — मैं (I)
अस्मि — हूँ (Am)
प्रातः — सवेरे (Morning)
सायं — शाम (Evening)
प्रसन्न — खुश (Happy)
तृ (तर्) — तैरना (To swin)
सैनिकः — सेना का आदमी (Soldier)
रक्ष् — रक्षा करना (To protect)
वार्तालापः — बातचीत (संवाद) (Conversation)
चित्रकारः — चित्र बनाने वाला (Painter)

याद करो—

1. पढ़िए और याद कीजिए—

   अहम् लिखामि, अहम् प्रातः भ्रमामि। अहम् सायं पठामि। अहम् प्रसन्नः अस्मि। त्वम् कः असि? अहम् सैनिकः अस्मि।

2. उत्तम पुरुष पुल्लिग तथा स्त्रीलिंग एकवचन कर्ता 'अहम्' के साथ मूल धातु में 'आमि' प्रत्यय जोड़कर संस्कृत में वाक्य बनाते हैं। जैसे—अहम् पठामि, अहम् लिखामि आदि।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

लिखो—

3. संस्कृत शब्द लिखिए—

सुबह, शाम, कहाँ, कभी भी, तुम सब, मैं, हूँ।

4. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—

(क) .... तरसि।

(ख) .... क्रीडामि।

(ग) .... चलथः।

(घ) युवाम् ....।

(ङ) ताः ....।

(च) यूयम् ....।

5. संस्कृत में अनुवाद कीजिए—

(क) तुम कौन हो?

(ख) तुम सब कहाँ घूमते हो?

(ग) मैं चित्रकार हूँ।

(घ) मैं शाम को खेलता हूँ।

(ङ) वह अध्यापिका जाती है।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

त्रयोदशः पाठः

उत्तम पुरुष-द्विवचन

आवाम्, स्वः, बहिः, अद्य. तत्र, अजः, वृषः, चर्, अश्वः



रामः राजीवः च –

आवाम् बालौ स्वः।
आवाम् प्रातः भ्रमावः।
आवाम् सायं क्रीडावः।

लता रमा च –

आवाम् कन्ये स्वः।
आवाम् बहिः गच्छावः।
अद्य आवाम् न पठावः।

सुनीलः सुधा च –

आवाम् क्रीडावः।
आवाम् तत्र गायावः।
आवाम् अत्र वसावः।

वार्तालापः

राजीवः – संजीव! त्वं कुत्र वससि रामः च कुत्र?
संजीवः – आवाम् तत्र एव वसावः।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

वृषः — अज! अहम् तत्र चरामि। किं त्वम् न चरसि?

अजः — अहम् अपि चरामि। त्वम् अपि चरसि। आवाम् तत्र एव चरावः।

(अश्वः आगच्छति)

अश्वः — युवाम् अत्र चरथः। अहम् तत्र चरामि। आवाम् एव चरावः।

पढ़ो और समझो

शब्दार्थ—

आवाम् — हम दोनों (We two)
स्वः (अस्)— हैं (हम दो) [Are (We two)]
बहिः — बाहर (Out)
अद्य — आज (Today)
तत्र — वहाँ (There)
अजः — बकरा (He-goat)
वृषः — बैल (Ox)
अश्वः — घोड़ा (Horse)
चर् — चरना (To graze)

याद करो—

1. पढ़िये और याद कीजिए—

आवाम् बालौ स्वः। आवाम् सायं क्रीडावः। त्वं कुत्र वससि? आवाम् तत्र एव वसावः। आवाम् तत्र चरावः।

2. उत्तम पुरुष पु. तथा स्त्री. द्विवचन कर्ता 'आवाम्' के साथ मूल धातु में 'आवः' प्रत्यय जोड़कर वाक्य बनाते हैं। जैसे—आवाम् लिखावः, आवाम् चरावः आदि।

लिखो—

3. अहम्, **आवाम्** के साथ नीचे दी हुई धातुओं में **क्रमशः 'आमि, आवः' प्रत्यय जोड़कर** वाक्य बनाइए—

क्रीड्, चर्, वस्, धाव्, पच्, लिख्।

Funding by IKS-MoE

4. संस्कृत में अनुवाद कीजिए—

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

(क) मै यहाँ रहता हूँ।

(ख) तुम दोनों कहाँ जाते हो?

(ग) हम दोनों यहाँ पढ़ते हैं।

(घ) हम दोनों दौड़ते हैं।

(ङ) तुम सब क्या लिखते हो?

(च) वे दोनों ही गाती हैं।

(छ) तुम दोनों नहीं गाते हो।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

चतुर्दशः पाठः

उत्तम पुरुष-बहुवचन

वयम्, धावकः, स्मः, वेगेन, नित्यम्

वयम् धावकाः स्मः।

वयम् वेगेन धावामः।

वयम् पठामः लिखामः च।



वयं कन्याः स्मः।

वयं अति वेगेन तरामः।

वयं नित्यं धावामः।



छात्राः— यूयम् कुत्र गच्छथ?

वयम् तत्र नित्यम् गच्छामः।

वयम् तत्र क्रीडामः, धावामः, तरामः च।

वार्तालापः

मोहनः— तौ तत्र भ्रमतः, किम् त्वं न गच्छसि?

सोहनः— वयम् सर्वे एव तत्र भ्रमामः।

मोहनः— यत्र रामः पठति, किं तत्र यूयम् न पठथः?

सोहनः— यत्र सः पठति तत्र एव वयम् अपि पठामः।

Funding by IKS-MoE

मोहनः— यत्र बालिकाः लिखन्ति तत्र त्वम् न तिष्ठसि।
CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh
सोहनः— वयम् एकत्र एव तिष्ठामः लिखामः च।
मोहनः— किम् त्वम् गायकः असि?
सोहनः— अहम् गायकः न अस्मि। अहम् तु लेखकः अस्मि।

पढ़ो और समझो

शब्दार्थ—

वयम् — हम सब (We all)
धावकाः — दौड़ने वाले (Runners)
स्मः — हैं (Are)
वेगेन — तेजी से (Fastly)
नित्यम् — रोजाना (Daily)

याद करो—

1. बोलकर पढ़ो और अर्थ याद करो—

वयम् वेगेन धावामः। वयं नित्यं धावामः। यूयम् कुत्र गच्छथ? वयम् तत्र नित्यं गच्छामः। वयम् सर्वे तत्र भ्रमामः।

2. उत्तम पुरुष बहुवचन पु. तथा स्त्री. में 'वयम्' सर्वनाम का प्रयोग होता है। इसके साथ मूल धातु के अन्त में 'आमः' प्रत्यय जोड़कर वर्तमान काल (लट्) की क्रिया बनती है। जैसे—वयम् पठामः, वयम् क्रीडामः आदि।

लिखो—

3. रिक्त स्थानों में वर्तमान काल (लट् लकार) की क्रियाओं के रूप लिखिए—

धातु	सः	तौ	ते
पठ्	....	....	....
खाद्	....	....	....

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

	त्वम्	युवाम्	यूयम्
लिख्	....	....	....
क्रीड्	....	....	....

	अहम्	आवाम्	वयम्
पच्	....	....	....
धाव्	....	....	....

4. संस्कृत में अनुवाद कीजिए—
   (क) मैं लिखता हूँ।
   (ख) वह कहाँ जाती है?
   (ग) तुम सब कहाँ दौड़ते हो?
   (घ) हम पढ़ते हैं।
   (ङ) हम दोनों नहीं तैरते हैं।
   (च) हम वहाँ घूमते हैं।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

पञ्चदशः पाठः

कर्म कारक (द्वितीया विभक्ति)

(अकारान्त पुल्लिग शब्द)

प्रातः, अन्धकारः, जनकः, शिक्षकः, कृषकः, वृषः, वानरः, सेवकः, मोदकः, ईश्वरः, दुग्धम्, देवालयः

सूर्यः प्रातः अन्धकारं नाशयति।
बालकाः जनकम् नमन्ति।
छात्राः विद्यालयं गच्छन्ति।
छात्राः प्रातः शिक्षकम् नमन्ति।
बालाः तत्र पाठं पठन्ति।



कृषकः क्षेत्रं गच्छति।
कृषकः वृषौ तत्र नयति।
बालः वानरौ पश्यति।
सेवकः अश्वौ आनयति।
जनकः पुत्रौ वदति।



जनकः पुत्रान् नयति।
बालिकाः पाठान् पठन्ति।
राधा मोदकान् खादति।
ईश्वरः भक्तान् रक्षति।
वयम् मृगान् पश्यामः

त्वम् पाठं पठसि अथवा लिखसि?
अहम् पाठम् पठामि लेखं च लिखामि।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

बालः दुग्धम् पिबति भोजनम् न खादति।
शिक्षकः छात्रान् आनयति।
भक्ताः देवालयम् गच्छन्ति देवान् च नमन्ति।

पढ़ो और समझो

शब्दार्थ—

प्रातः	—	सुबह (Morning)
जनकः	—	पिता (Father)
अन्धकार	—	अंधेरा (Darkness)
शिक्षकः	—	अध्यापक (Teacher)
कृषकः	—	किसान (Farmer)
वृषः	—	बैल (Ox)
वानरः	—	बन्दर (Monkey)
सेवकः	—	नौकर (Servant)
मोदकः	—	लड्डू (A kind of sweet)
ईश्वरः	—	भगवान (God)
दुग्धम्	—	दूध (Milk)
देवालयः	—	मन्दिर (Temple)
नश् (नाशाय)	—	नाश करना (To destroy)

याद करो—

1. पढ़िये और याद कीजिए

ए.व.	द्वि.व.	ब.व.
पाठम्	पाठौ	पाठान्
वृषम्	वृषौ	वृषान्
अश्वम्	अश्वौ	अश्वान्

2. अकारान्त पु. शब्दों के अन्त में क्रमशः अम्, औ, आन् प्रत्यय जोड़कर कर्म कारक (द्वितीया विभक्ति) के रूप बनाते हैं। इसका चिह्न "को" होता है।

लिखो—

3. निम्नलिखित शब्दों का संस्कृत वाक्यों में प्रयोग कीजिए—

   विद्यालयम्, जनकः, शिक्षकाः, कृषकौ, मोदकम्, देवालयः।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

4. इन शब्दों के कर्म कारक (द्वितीया विभक्ति) के रूप लिखिए—जैसे—खगम् खगौ खगान्
अश्वः, छात्रः, वानरः, भक्तः, मृगः, लेखः।

5. संस्कृत में अनुवाद कीजिए—
(क) सेवक घोड़े ले जाता है।
(ख) छात्र पाठ पढ़ते हैं।
(ग) हम दो शेर देखते हैं।
(घ) छात्र अध्यापकों को नमस्कार करते हैं।
(ङ) हम बन्दरों को देखते हैं।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

षोडशः पाठः

करण कारक (तृतीया विभक्ति)

कन्दुकम्, पादः, स्था (तिष्ठ), कर्ष्, अन्धः, कर्णः, बधिरः, जीव्, हस्तः

बालः कन्दुकेन क्रीडति।
छात्रौ कन्दुकेन क्रीडतः।
जनकः पुत्रेण सह धावति।
आवाम् कलमेन लिखावः।



अहम् चरणाभ्याम् चलामि।
त्वम् पादाभ्याम् धावसि।
बालकः हस्ताभ्याम् क्रीडति।
नरः नेत्राभ्याम् पश्यति।

छात्राः छात्रैः सह गायन्ति।
बालकाः बालकैः सह तिष्ठन्ति।
मृगाः मृगैः सह धावन्ति।
अश्वः चरणैः चलति।

छात्राः कन्दुकैः क्रीडन्ति।
कृषकाः वृषैः क्षेत्रम् कर्षन्ति।
नरः नेत्राभ्याम् अन्धः अस्ति।
किम् त्वम् कर्णाभ्याम् बधिरः असि?

Funding by IKS-MoE

बालः दुग्धेन जीवति।
CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.
आवाम् हस्ताभ्याम् नमावः।

पढ़ो और समझो

शब्दार्थ–

सह	–	साथ (With)
कन्दुकः	–	गेंद (Ball)
पादः	–	पैर (Foot)
अन्धः	–	अन्धा (Blind)
कर्णः	–	कान (Ear)
बधिरः	–	बहरा (Deaf)
हस्तः	–	हाथ (Hand)
स्था (तिष्ठ)	–	बैठना (To sit)
कर्ष	–	जोतना (To plough)
जीव्	–	जीना (To be alive)

याद करो–

1. तृतीया विभक्ति के रूप बोलकर याद कीजिए–

ए.व.	द्वि.व.	ब. व.
बालकेन	बालकाभ्याम्	बालकैः
छात्रेण	छात्राभ्याम्	छात्रैः
पुत्रेण	पुत्राभ्याम्	पुत्रैः

2. अकारान्त पुल्लिग शब्दों के साथ तृतीया विभक्ति के रूपों में क्रमशः एन, आभ्याम्, ऐः प्रत्यय जोड़ते हैं। लेकिन किसी शब्द में 'न' से पहले र अथवा ष हो तो न का ण हो जाता है। जैसे–पुत्रेण, पुत्राभ्याम्, पुत्रैः; वृषेण, वृषाभ्याम्, वृषैः। इसका चिह्न 'से' (के द्वारा) होता है।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

लिखो—

3. नीचे लिखे शब्दों के तृतीया विभक्ति के रूप लिखिए—
   बालः, पादः, मृगः, वृषः, हस्तः।
4. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—
   छात्रः .... सह क्रीडति।
   अश्वाः .... चलन्ति।
   नरः .... धावति।
   बालः .... दुग्धं पिबति।
   सः .... अन्धः।
   नरः .... बधिरः।
5. संस्कृत में अनुवाद कीजिए—
   (क) बालक मुँह से दूध पीता है।
   (ख) हाथी पैरों से चलता है।
   (ग) हम गेंद से खेलते हैं।
   (घ) लड़की हाथ से जल पीती है।
   (ङ) तुम कलम से लिखते हो।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

सप्तदशः पाठः

सम्प्रदान कारक (चतुर्थी विभक्ति)

धनिकः, याचकः, पारितोषिकम्, घासम्, निर्धनः, परोपकारः, दर्शनम्, देवः, कुक्कुरः, दा (यच्छ्), वि+तृ (वितर्)

जनकः पुत्राय पुस्तकम् यच्छति।
पुस्तकानि ज्ञानाय भवन्ति।
धनिकः सेवकाय धनं यच्छति।
शिक्षकः छात्राय पुस्तकानि आनयति।

धनिकः याचकाभ्याम् भोजनम् यच्छति।
शिक्षकः छात्राभ्याम् पारितोषिकम् यच्छति।
कृषकः वृषाभ्याम् घासम् आनयति।
जनकः पुत्राभ्याम् मोदकान् यच्छति।

धनिकः निर्धनेभ्यः वस्त्राणि यच्छति।
सेवकः बालकेभ्यः कलमानि आनयति।
अहम् याचकेभ्यः वस्त्राणि यच्छामि।
आचार्यः छात्रेभ्यः मोदकान् वितरति।

वृक्षाः परोपकाराय भवन्ति।
देवाः दर्शनाय भवन्ति।
सैनिकाः देशाय जीवन्ति।
कुक्कुराः भोजनाय धावन्ति।
शिक्षकाः छात्रेभ्यः ज्ञानं यच्छन्ति।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

पढ़ो और समझो

शब्दार्थ—

धनिकः	—	धनवान (Rich)
याचकः	—	भिखारी (Beggar)
पारितोषिकम्	—	पुरस्कार (Prize)
घासम्	—	घास (Grass)
निर्धनः	—	गरीब (Poor man)
परोपकारः	—	दूसरे की भलाई (Benevolence)
दर्शनम्	—	देखना (Sight)
देवः	—	देवता (God)
कुक्कुरः	—	कुत्ता (Dog)
दा (यच्छ्)	—	देना (To give)
वि+तृ (वितर्)	—	बाँटना (To distribute)

याद करो—

1. इन रूपों को बोलकर याद करो—

